अध्याय-6

निगमित क्षेत्र की सांख्यकीय समीक्षा

प्रचालन कर रही कंपनियां

6.1 31.03.2006 को देश में शेयरों द्वारा सीमित 7,32,169 कंपनियां प्रचालन कर रही थी । इसमें 7,30,817 गैर-सरकारी कंपनियां और 1,352 सरकारी कंपनियां शामिल थी । प्रचालन कर रही शेयरों द्वारा सीमित 7,32,169 कंपनियों में से 80,141 कंपनियां सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियां और 6,52,028 निजी लिमिटेड कंपनिया थी । 31.03.2006 को इसके अतिरिक्त, 3,605 कंपनियां ऐसी थी जिनकी देयता लाभ हेतु नहीं गारंटी तथा संघ तक सीमित थी और 498 कंपनियां असीमित देयता वाली थी ।

नए पंजीकरण

6.2.1 वर्ष 2005-06 के दौरान कंपनी अधिनियम के अंतर्गत 19,582.21 करोड़ रुपये की प्राधिकृत पूंजी के साथ शेयरों द्वारा सीमित 54,020 कंपनियां पंजीकृत हुई थी । इनमें से 4,172.85 करोड़ रुपये प्राधिकृत पूंजी वाली 24 सरकारी कंपनियां और 15,409.36 करोड़ रुपये की प्राधिकृत पूंजी वाली 53,996 गैर-सरकारी कंपनियां थी । देयता लाभ हेतु नहीं गारंटी तथा संघ तक सीमित 174 कंपनियों और असीमित देयता वाली 3 कम्पनियां भी उक्त अवधि के दौरान पंजीकृत की गई थी ।

6.2.2 पंजीकृत की गई सरकारी कंपनियों में क्रमशः 3,948.65 करोड़ रुपये तथा 224.20 करोड़ रुपये की प्राधिकृत पूंजी के साथ पंजीकृत हुई 18 सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियां और 6 निजी लिमिटेड कंपनियां शामिल थी । शेयरों द्वारा सीमित गैर-सरकारी कंपनियों में 1,872 सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियां और 52,124 निजी लिमिटेड कंपनियां थी जिनकी प्राधिकृत पूंजी क्रमशः 3739.46 करोड़ रुपये और 11,669.90 करोड़ रुपये थी ।

परिसमापन

6.3 वर्ष 2005-2006 की अवधि के दौरान शेयरों द्वारा सीमित 1380 गैर सरकारी कंपनियों के परिसमापन में जाने अथवा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 560(5) के अंतर्गत समाप्त किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी ।

विदेशी कंपनियां

6.4 31.3.2006 को देश में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 591 के अंतर्गत परिभाषित 2,040 विदेशी कंपनियां थी । अप्रैल, 2006 से दिसम्बर, 2006 की अवधि के दौरान 199 विदेशी कंपनियों ने भारत में अपने व्यापार का स्थान स्थापित किया । इस प्रकार 31 दिसम्बर, 2006 को भारत में 2,239 विदेशी कम्पनियां कार्य कर रही हैं ।